23610142S

Serial Number

Roll No. ______________________

**C**
SET/सेट

# U-601

**हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा वर्ष - 2023**
**Higher Secondary Examination (Main) - 2023**

## हिन्दी
## HINDI

| Total Questions : **23** | Total Printed Pages : **8** | Time : **3** Hours | Maximum Marks : **80** |
|---|---|---|---|

www.rajeshsir.co.in

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक **32** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **1** अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **2-2** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30** शब्दों में लिखिए ।

(iv) प्रश्न क्रमांक **16** से **19** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **3-3** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **75** शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक **20** से **23** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **4-4** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **120** शब्दों में लिखिए।

1 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1×6=6

(i) निम्नलिखित में से विज्ञान संबंधी तकनीकी शब्द है –

(अ) पर्यवेक्षक (ब) नाभिक

(स) अनुबंध (द) तदर्थ

(ii) जहाँ शब्द से काव्य की शोभा बढ़ती है वहाँ अलंकार होता है –

(अ) उभयालंकार (ब) अर्थालंकार

(स) शब्दालंकार (द) शोभालंकार

(iii) हिन्दी पद्य साहित्य को बाँटा गया है –

(अ) चार कालों में (ब) तीन कालों में

(स) पाँच कालों में (द) छः कालों में

(iv) घुटनों में लेकर माँ बच्चे को क्या करती है?

(अ) नहलाती है (ब) बाल में कंघी करती है

(स) प्यार से देखती है (द) कपड़े पहनाती है

(v) किसकी गर्मी बाज़ार से अधिक सामान खरीदने पर विवश करती है ?

(अ) मौसम की (ब) दिमाग की

(स) पैसे की (द) शरीर की

(vi) लेखक आनंद यादव अपनी माँ को ले गया –

(अ) दत्ताजी राव के यहाँ (ब) रणनवरे मास्टर के यहाँ

(स) वामन पण्डित के यहाँ (द) कक्षा अध्यापक के यहाँ

www.rajeshsir.co.in

**2** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए : **1×7=7**

(i) जिस वाक्य में एक उद्देश्य तथा एक विधेय होता है, उसे ________ कहते हैं।
(सरल वाक्य / मिश्र वाक्य / संयुक्त वाक्य)

(ii) जिन छन्दों में मात्राएँ गिनी जाती हैं उन्हें ________ छन्द कहते हैं।
(वर्णिक / मात्रिक / मुक्त)

(iii) संवाद लिखते समय ________ गायब हो जाता है। (लेखक / पाठक / श्रोता)

(iv) लुट्टन के माता–पिता उसे ________ में ही अनाथ बनाकर चले गए थे।
(नौ वर्ष की उम्र / सात वर्ष की उम्र / पाँच वर्ष की उम्र)

(v) ________ रीतिकाल में वीर रस के कवि हुए । (बिहारी / भूषण / मतिराम)

(vi) खेत की तुलना ________ की गयी है।
(काग़ज़ के पन्ने से / मैदान से / पर्वत से)

(vii) यशोधर बाबू ने दफ्तर से लौटते हुए रोज ________ जाने की रीति बनाई।
(सांई मन्दिर / बिड़ला मन्दिर / सोमनाथ मन्दिर)

**3** सही जोड़ी बनाइए : **1×6=6**

| | 'क' | | 'ख' |
|---|---|---|---|
| (i) | चौपाई छन्द | (अ) | हरिवंशराय बच्चन |
| (ii) | चित्रकार | (ब) | अखबार की अपनी आवाज़ |
| (iii) | सम्पादकीय पृष्ठ | (स) | चितेरा |
| (iv) | हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग | (द) | जयशंकर प्रसाद |
| (v) | छायावाद के प्रवर्तक कवि | (इ) | भक्तिकाल |
| (vi) | मस्ती का सन्देश | (ई) | 16 मात्राएँ |

**4** एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर दीजिए : **1×7=7**

(i) रेडियो नाटकों में पात्रों की पहचान किसके माध्यम से होती है? आवाज के माध्यम से

(ii) सिन्धु–घाटी सभ्यता में कौन–कौन से फल उगाए जाते थे? अंगूर खीरा

(iii) किसकी आवाज़ मृत–गाँव में संजीवनी शक्ति भरती रहती थी? लुट्टन पहलवान की

(iv) 'चन्द्रगुप्त' किसकी नाट्य रचना है? जयशंकर प्रसाद

(v) कवि ने स्लेट पर क्या मलने की बात कही है? → लाल खड़िया चाक

(vi) सोरठा छन्द मात्राओं की दृष्टि से किस छन्द का उल्टा होता है? दोहा

(vii) ऐसा लघु वाक्यांश जिसके प्रयोग से भाषा में सौंदर्य उत्पन्न होता है, क्या कहलाता है?
अलंकार

www.rajeshsir.co.in

5 सत्य / असत्य का चयन कीजिए : 1×6=6

(i) राष्ट्र भाषा के लिए सम्पर्क भाषा शब्द का भी प्रयोग किया जाता है।

(ii) शब्द–शक्ति पाँच प्रकार की होती है।

(iii) शोषकों के प्रति घृणा और शोषितों के प्रति करुणा प्रगतिवाद है।

(iv) कवि ने हार कर बात को कील की तरह ठोंक दिया।

(v) 'शेर के बच्चे' का असल नाम लुट्टन सिंह पहलवान था।

(vi) सौंदलकर मास्टर कविता बहुत ही अच्छे ढंग से पढ़ाते थे।

6 लेखक के पिता ने आनन्द को पाठशाला भेजते समय क्या शर्त रखी? 2

**अथवा**

मोहनजोदड़ो के घरों की क्या विशेषताएँ थी?

7 नए और अप्रत्यासित विषयों के लेखन से छात्रों में कौन–कौन से गुण विकसित होते हैं? 2

**अथवा**

फिल्म और रंगमंच पर दृश्यों को किसकी सहायता से प्रभावशील बनाया जाता है?

8 वीर रस की परिभाषा और उदाहरण लिखिए। 2

**अथवा**

संदेह अलंकार की परिभाषा और उदाहरण लिखिए।

9 कवित्त छन्द की परिभाषा और उदाहरण लिखिए। 2

**अथवा**

लक्षणा शब्द शक्ति की परिभाषा और उदाहरण लिखिए।

10 तकनीकी शब्द का अर्थ बताते हुए दो तकनीकी शब्द लिखिए। 2

**अथवा**

राष्ट्र भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।

www.rajeshsir.co.in

11. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 2

(i) मोहन पुस्तक पढ़ रही है।

(ii) जंगल में शेर चिंघाड़ने लगा।

**अथवा**

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए :

(i) लता गा रही है। (प्रश्नवाचक)

(ii) आदमी का हवा में उड़ना कठिन है। (बिना अर्थ बदले नकारात्मक)

12. कवि ने अपने खेत में कौन सा बीज बोया था? 2

**अथवा**

शमशेर बहादुर सिंह कौन से 'तार सप्तक' के महत्वपूर्ण कवि थे?

13 संसार में कष्टों को सहते हुए भी खुशी और मस्ती का माहौल कैसे पैदा किया जा सकता है? 2

**अथवा**

लक्ष्मण जी के लिए संजीवनी बूटी लाने के लिए कौन गये थे?

14 जेब के भरे होने और मन के खाली होने पर मन की क्या दशा होती है? 2

**अथवा**

राजा के द्वारा कुश्ती लड़ने की आज्ञा मिलते ही दर्शक क्या करने लगे?

15 शिरीष का पेड़ कब से कब तक खिलता है? 2

**अथवा**

महादेवी वर्मा ने स्वयं व भक्तिन के मध्य किस सम्बन्ध को नकारा है?

16 फणीश्वर नाथ रेणु **अथवा** धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 3

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा–शैली (iii) साहित्य में स्थान

www.rajeshsir.co.in

17 भाव विस्तार कीजिए : जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से महान हैं **3**

**अथवा**

क्रिकेट के खेल विषय पर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

18 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3**

घोर अंधकार हो, चल रही बयार हो,
आज द्वार–द्वार पर यह दीया बुझे नहीं।
यह निशीथ का दीया ला रहा विहान है।
शक्ति का दिया हुआ, शक्ति को दिया हुआ
भक्ति से दिया हुआ, यह स्वतंत्रता–दीया
रुक रही न नाव हो, जोर का बहाव हो,
आज गंग–धार पर यह दीया बुझे नहीं।
यह स्वदेश का दीया प्राण के समान है।

प्रश्न :

(क) पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ख) पद्यांश का सार लिखिए।

(ग) स्वतंत्रता को कवि ने दीपक क्यों कहा है?

**अथवा**

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हास्य–व्यंग्य एक ऐसा माध्यम है, जो नीरस जीवन को भी सुखद बना देता है। हास्य का जादू इतना प्रभावशाली होता है, कि वह छूत के रोग की तरह चारों ओर फैल जाता है। जिसने कभी हँसना न सीखा, सचमुच उसने कभी जीना न सीखा । सामान्यतः मनुष्य को जीवन में इतनी मुसीबतें झेलनी पड़ती हैं कि वह अपने जीवन को पहाड़ समझने लगता है। ऐसे दुर्भर जीवन को यदि जीने योग्य बनाया गया है तो उसके लिए आवश्यक है कि जीवन में हँसने की गुंजाइश हो। हँसी के सहारे मनुष्य अपने कष्टों को भूलने का प्रयत्न करता है। संघर्ष, तनाव, घुटन आदि आज के जीवन की सहज देन हैं जिनसे बचने के लिए आवश्यक है, कि हम हँसना सीखें।

प्रश्न :

(क) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) नीरस जीवन को कौन सुखद बना देता है?

(ग) गद्यांश का सार लिखिए।

www.rajeshsir.co.in

19 हरिवंशराय बच्चन **अथवा** तुलसीदास का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 3

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष – कलापक्ष (iii) साहित्य में स्थान

20 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – 4

एक बार वह 'दंगल' देखने श्यामनगर मेला गया। पहलवानों की कुश्ती और दाँव–पेंच देखकर उससे नहीं रहा गया । जवानी की मस्ती और ढोल की ललकारती हुई आवाज़ ने उसकी नसों में बिजली उत्पन्न कर दी। उसने बिना कुछ सोचे–समझे दंगल में 'शेर के बच्चे' को चुनौती दे दी।

**अथवा**

पैसा पावर है। पर उसके सबूत में आस–पास माल–टाल न जमा हो तो क्या वह खाक पावर है ! पैसे को देखने के लिए बैंक–हिसाब देखिए, पर माल–असबाब, मकान–कोठी तो अनदेखे भी दीखते हैं। पैसे की उस 'पर्चेजिंग पावर' के प्रयोग में ही पावर का रस है।

21 ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को प्रार्थना पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

परीक्षा की तैयारी की जानकारी देते हुए पिता को पत्र लिखिए।

22 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 4

(i) पर्यावरण की सुरक्षा

(ii) वृक्षों की उपयोगिता

(iii) विद्यार्थी और अनुशासन

(iv) राष्ट्रीय एकता और अखण्डता

(v) इन्टरनेट का दैनिक जीवन में अनुप्रयोग

www.rajeshsir.co.in

23 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – 4

सबसे तेज बौछारें गयीं भादो गया
सवेरा हुआ।
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए
घंटी बजाते हुए जोर–जोर से
चमकीले इशारों से बुलाते हुए
पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को।

**अथवा**

तिरती है समीर–सागर पर
अस्थिर सुख पर दुख की छाया–
जग के दग्ध हृदय पर
निर्दय विप्लव की प्लावित माया–
यह तेरी रण–तरी
भरी आकांक्षाओं से,
घन भेरी–गर्जन से सजग सुप्त अंकुर
उर में पृथ्वी के, आशाओं से
नवजीवन की, ऊँचा कर सिर,
ताक रहे हैं, ऐ विप्लव के बादल !

www.rajeshsir.co.in